दया करो साँई दया करो
दया करो साँई दया करो अब तो हम पर दया करो 2
देर भई बड़ी देर भई अब न देर लगाया करो
दया करो साँई दया करो

मुद्दत हो गई हाथ पसारे कभी सुनी फ़रियाद नहीं
साँई बाबा इन बच्चों की आई तुम्हें क्यों याद नहीं
हम हैं बड़े कमज़ोर हमारा सबर न यूँ आज़माया करो
दया करो साँई दया करो

धूनी रमाई अलख जगाई बगिड़ी बनादो साँई राम
जग है भिखारी दुनिया सारी सबके हो तुम दाता राम
जीते हैं जो तेरे सहारे उनको न यूँ तड़पाया करो
दया करो साँई दया करो

कण-कण में बसते हो साँई हम ढूँढें तुझे मन्दरि में
हम नादान हैं मूरख बालक साँई बसे मन मन्दरि में
छोड़ेंगे न चरण तुम्हारे चाहे हमें ठुकराया करो

दया करो साँई दया करो अब तो हम पर दया करो
देर भई बड़ी देर भई अब न देर लगाया करो
दया करो साँई दया करो